CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 353 ▫ रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## किरण सिंह देव फिर बन सकते हैं भाजपा अध्यक्ष, आज शाम नामांकन



**रायपुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा 17 जनवरी शुक्रवार को होगी. इसके लिए आज चुनाव कराए जाएंगे. शाम 5ः00 बजे से 7ः00 बजे तक नामांकन प्रक्रिया होगी. प्रदेश अध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न कराने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े शामिल होंगे. साथ ही भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल भी निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होंगे. किरण सिंह देव फिर बनाए जा सकते हैं बीजेपी प्रदेश अध्यक्षः अब तक संभावना जताई जा रही थी कि किरण सिंह देव को साय कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है. लेकिन अब यह बात भी सामने आ रही है कि किरण सिंह देव को दोबारा भाजपा प्रदेश की कमान सौंपी जा सकती है. इसका फैसला आज शाम को हो जाएगा. शाम को यह तय होगा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा या फिर सर्वसम्मति से भाजपा, नए प्रदेश अध्यक्ष को चुनेगी. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की रेस में ये नाम भीः यदि चुनाव होते हैं तो किरण सिंह देव के अलावा भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए धरमलाल कौशिक, नारायण चंदेल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नाम भी चर्चा में है.

## नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आए जवान



**बीजापुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके बीजापुर में इन दिनों नक्सली बौखलाए हुए हैं। वे लगातार जवानों के नुकसान पहुंचाने के फिराक में लगे हुए हैं। इसी बीच पुतकेल के जंगल में आईईडी ब्लास्ट होने की सूचना मिली है, जिसमें दो जवान घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, जवानों की टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान दो जवान आईईडी की चपेट में आ गए। फिलहाल दोनों जवानों को कैंप लाया गया है। वहीं, दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। नए साल के जनवरी माह में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट की ये तीसरी घटना है जो सामने आई है। इससे पहले 11 जनवरी को भी बीजापुर के महादेव घाट में एरिया डोमिनेशन पर निकले जवानों को नक्सलियों ने निशाना बनाया है। इस घटना में सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया था, जिसमें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

वहीं, बीते 6 जनवरी को बीजापुर जिले के जंगली इलाके कुटरू में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के एक वाहन को ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट से निशाना बनाया था, जिसमें 8 सुरक्षाकर्मी और 1 ड्राइवर की मौत हो गई थी। यह हमला जिले के कुटरू क्षेत्र के बेदरी के पास अम्बली नाले में हुआ था, जहां घात लगाए माओवादियों ने एक वाहन को लैंडमाइन विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में वाहन में सवार दंतेवाड़ा के 8 डीआरजी जवान शहीद हो गए जबकि वाहन के ड्राइवर की भी मौत हो गई।

## अभिनेता सैफ अली खान पर धारदार हथियार से हमला घर में घुसे लुटेरे ने किया 6 वार, अस्पताल में भर्ती





**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (न्यूज चैनल)। गुरुवार सुबह मुंबई स्थित अपने घर में चोरी की कोशिश के दौरान सैफ अली खान पर हमला होने की चौंकाने वाली खबर सामने आई। इंडिया टीवी के राजेश कुमार की रिपोर्ट के मुताबिक, घर में चोरी करने के लिए एक चोर घुसा था और नौकरानी से हाथापाई कर रहा था। उसे बचाने आए सैफ अली खान की पीठ पर मामूली चोट लग गई। फिलहाल उन्हें इलाज के लिए लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांद्रा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात को एक अज्ञात व्यक्ति अभिनेता के घर में घुस आया। चोर को देखकर उनके घर के कर्मचारी चिल्लाने लगे, जिसके बाद सैफ की नींद खुल गई। घटना के दौरान वह घायल हो गए, जबकि चोर को पकड़े जाने का डर था। अभिनेता को तुरंत मुंबई के लीलावती अस्पताल ले जाया गया। मुंबई पुलिस के डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेदम ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और मुंबई क्राइम ब्रांच भी मामले की समानांतर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सैफ अली खान के स्टाफ के सदस्यों के बयान नियमित रूप से दर्ज किए जाएंगे। पुलिस बिल्डिंग के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, सैफ अली खान पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ही हमला किया था। फिलहाल, आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान से जुड़ी चौंकाने वाली चाकूबाजी की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर उनके तीन घरेलू कर्मचारियों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है। सैफ अली खान अपनी पत्नी करीना कपूर खान और अपने दो बच्चों तैमूर और जेह के साथ मुंबई के बांद्रा में रहते हैं। वे बांद्रा पश्चिम में सतगुरु शरण बिल्डिंग में रह हैं।

## नियम में संशोधन के बाद अब ईवीएम से होगा मतदान आरक्षण रोस्टर का राजपत्र में हुआ प्रकाशन

**रायपुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और अब कभी भी प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। इस बीच राज्य सरकार ने नगर निगम महापौर, नगर पालिका और नागर पंचायतों में अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर राजपत्र में प्रकाशन किया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने नियमों में संशोधन कर बैलेट पेपर से नगरीय निकाय चुनाव कराया था। जिसके बाद अब साय सरकार ने इस नियम में संशोधन करते हुए इस बार ईवीएम से चुनाव कराने का निर्णय लिया है, जिसका भी राजपत्र में प्रकाशन किया गया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### शरद पवार ने पीएम मोदी को भेजा आमंत्रण

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (न्यूज चैनल)। महाविकास अघाड़ी इन दिनों एकला चलो रे की राह पर चल रही है। वहीं अब खबर है कि शरद पवार ने पीएम मोदी को आमंत्रण भेजा है। राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार के निमंत्रण के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मराठी साहित्य महोत्सव, अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह घटनाक्रम इंडिया ब्लॉक के सदस्यों के बीच दरार के बीच आया है, जो शिवसेना (यूबीटी) द्वारा महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के अपने फैसले की घोषणा के बाद शुरू हुई थी। इससे पहले दिसंबर 2024 में शरद पवार ने दो किसानों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें महाराष्ट्र के अनार तोहफे में दिए थे। सूत्रों के मुताबिक, उस बैठक में प्रधानमंत्री को पवार की ओर से औपचारिक निमंत्रण दिया गया था। 98वां मराठी साहित्य सम्मेलन 21 से 23 फरवरी, 2025 के बीच दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। प्रमुख मराठी साहित्यिक कार्यक्रम के उद्घाटन के इस निमंत्रण को अनिवार्य रूप से मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिए केंद्र के प्रति आभार व्यक्त करने के संकेत के रूप में देखा गया था। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने निमंत्रण में, पवार ने कहा था कि यह पहली बार है कि सम्मेलन (बैठक) दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है और याद दिलाया कि कार्यक्रम के 37 वें संस्करण का उद्घाटन पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

## घर के बाहर खून से लथपथ मिली महिला दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास की आशंका



**बिलासपुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। सरकंडा थाना क्षेत्र के ईरानी मोहल्ले में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला का मामला सामने आया है. महिला अर्धनग्न हालत में खून से लथपथ घर के बाहर मिली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास की आशंका जताई जा रही है. गंभीर हालत में महिला को रायपुर एम्स रेफर किया गया है. पुलिस ने घटना स्थल से खून से सना पत्थर बरामद किया है. एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है. अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. वहीं स्थानीय लोग सरकंडा पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई में देरी की बात कह रहे हैं.

## लखमा की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में कांग्रेस की बड़ी बैठक



**रायपुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तार के बाद बुधवार देर रात दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए मुख्यालय में कांग्रेस की बड़ी बैठक हुई।

बैठक में दीपक बैज, भूपेश बघेल, चरणदास महंत मौजूद रहे। ताम्रध्वज साहू, मोहन मरकाम और फुलोदेवी नेताम भी शामिल हुए। तीनों प्रभारी सचिव भी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में हुई इस बैठक में कवासी की गिरफ्तारी, संगठन विस्तार और निकाय चुनाव पर मंत्रणा हुई। बता ेदं कि पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को ईडी ने शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से कांग्रेस में हलचल मच गई है।

## कोयला घोटाले मामले की सुनवाई से जस्टिस विश्वनाथन ने खुद को किया अलग

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (न्यूज चैनल)। कोयला घोटाले मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश केवी विश्वनाथन ने गुरुवार को सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उनका कहना है कि वह इस मामले में वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों में बदलाव की मांग की जा रही है, जिनके तहत हाईकोर्ट को कोयला ब्लॉक आवंटन से जुड़े आपराधिक मामलों में ट्रायल कोर्ट के आदेशों के खिलाफ अपील सुनने से रोका गया

था। मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायाधीश संजय कुमार और विश्वनाथन शामिल थे। सीजेआई ने कहा कि एक नई पीठ गठित की जाएगी, जो 10 फरवरी से शुरू हो रहे सप्ताह में मामलों की सुनवाई करेगी। पीठ ने अपीलों की सीमा और पहले के आदेशों के प्रभाव को लेकर विचार किया, जिसमें हाईकोर्ट को इन मामलों में हस्तक्षेप करने से रोका गया था। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को 2014 और 2017 के फैसलों से जुड़े सभी लंबित याचिकाओं का संकलन तैयार करने का आदेश दिया गया है।

## इसरो ने स्पैडेक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक भेजा



**प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक उपलब्धि पर दी बधाई**

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (न्यूज चैनल)। इसरो ने स्पैडेक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने के अपने चौथे प्रयास के साथ आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसरो के सूत्रों के अनुसार, वैज्ञानिकों ने डॉकिंग पैंतरेबाज़ी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। वर्तमान में, टीम ऑपरेशन की सफलता को प्रमाणित करने के लिए विस्तृत डेटा विश्लेषण कर रही है। डेटा समीक्षा पूरी होने के बाद आधिकारिक घोषणा की उम्मीद है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक डॉक किया है। इस उपलब्धि के साथ, भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद उपग्रह डॉकिंग क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाला चौथा देश बन गया। तकनीकी समस्याओं के कारण 7 और 9 जनवरी को पहले स्थगन के बाद, डॉकिंग प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। यह इसरो द्वारा 12 जनवरी को एक परीक्षण करने के कुछ दिनों बाद हुआ है, जिसमें उपग्रहों को आगे के विश्लेषण के लिए सुरक्षित दूरी पर ले जाने से पहले उन्हें 3 मीटर के करीब लाया गया था। इसरो सूत्रों ने मिशन की सफलता की पुष्टि की और बताया कि वीडियो विश्लेषण के बाद आधिकारिक घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई।

## हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने जारी किया पब्लिक नोटिस, कहा- मुकदमों को लेकर जीत दिलाने का प्रलोभन देने वालों से रहें सचेत



**सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी**

**बिलासपुर,** 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने एक पब्लिक नोटिस जारी किया है, जिसमें आम पक्षकारों को अदालतों में चल रहे मुकदमों को लेकर जीत दिलाने या पक्ष में आदेश कराने का प्रलोभन देने वाले लोगों से सचेत रहने कहा है. साथ ही इस प्रकार का प्रलोभन देने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है. रजिस्ट्रार जनरल के विनोद कुजूर ने जारी आम सूचना में स्पष्ट किया है कि छत्तीरागढ़ उच्च न्यायालय या छत्तीसगढ़ राज्य के तमाम जिला न्यायालयो में से किसी भी अदालत में यदि कोई प्रकरण/याचिका/आवेदन या अन्य कोई कार्यवाही संस्थित की जाती है अथवा संस्थित है. ऐसे किसी भी मामले में कोई भी व्यक्ति जो असंगत प्रतिफल प्राप्ति या उपलब्ध कराने के प्रयोजनार्थ प्रकरण/याचिका/आवेदन अथवा अन्य कार्यवाहियों को उनके पक्ष में निराकृत, जीत या खारिज कराने का मिथ्या आश्वासन या प्रलोभन देता है तो सतर्क रहें. सूचना में यह भी बताया गया है कि इस प्रकार का व्यक्ति आपराधिक अभियोजन की कार्यवाहियों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा. इसके अलावा जो व्यक्ति ऐसे प्रलोभन या आश्वासन को स्वीकार करता है तो उसे भी आपराधिक अभियोजन के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकेगा. हाईकोर्ट ने इस तरह का कदम उठाकर प्रदेश के सभी आम लोगों को सचेत कर दिया है. बता दें कि कुछ निचली अदालतों में इस प्रकार के लोग भी सक्रिय रहते हैं, जो आम पक्षकारों को उनके भोलेपन का फायदा उठाकर इसी प्रकार उन्हें लूट लेते हैं.




चूहा- सुनती हो, अरबपति अभिनेता सैफ अली के घर लुटेरा घुस गया।

चुहिया- हां जी, इनके घर तो चिड़िया भी नहीं फटक सकती फिर चोर कैसे घुस गया..!

CMYK